इंदौर | बुधवार | 23 सितंबर 2026 | वर्ष 66 | अंक 241 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

BACHPAN
www.bachpanglobal.com
अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें !
9811437000

गणेश उत्सव में भोजन बना रही महिला खौलते सांभर में गिरी, अस्पताल में मौत

अमरावती. आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान एक महिला की हादसे में मौत हो गई. मृतका की पहचान सुजाता के रूप में हुई है. पुलिस और स्थानीय लोगों के अनुसार, वह समारोह के लिए भोजन तैयार करने में सहयोग कर रही थीं. इसी दौरान खौलते सांभर से भरे बड़े बर्तन में गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं. बताया गया कि रविवार सुबह कार्यक्रम के लिए खाना तैयार किया जा रहा था. इसी दौरान सुजाता सांभर ले जा रही थीं. अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गर्म खाद्य पदार्थ से भरे बर्तन में जा गिरीं. आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. गंभीर रूप से झुलसने के कारण सुजाता की हालत नाजुक बनी हुई थी.

डीजे का शोर सुन बेहोश हुई 12 साल की बच्ची, क्लासरूम में दर्दनाक मौत

बलरामपुर. उत्तर प्रदेश के बलरामपुर नगर में कथित तौर पर डीजे की तेज आवाज के कारण एक बच्ची की मौत हो गई. बच्ची की पहचान 12 वर्षीय छात्रा के रूप में हुई है. वह स्कूल में पढ़ रही थी तभी पास के रास्ते से गणेश विसर्जन का जुलूस निकला. इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी बज रहा था. सीसीटीवी में दिख रहा है कि बच्ची क्लास में बैठे-बैठे ही अहसज हो रही थी और थोड़ी ही देर में गिर गई. स्कूल के शिक्षक फौरन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया. लेकिन उसकी मौत हो गई. सीसीटीवी फुटेज में बच्ची पहले हंसती, खिलखिलाती दिख रही है. तभी पास से एक डीजे गुजरता है. बच्ची कुछ असहज नजर आती है. वो हेडडाउन करती है और फिर उठती है लेकिन कुछ ही देर में वह बेहोश हो जाती है.

ईरान नहीं बना पाएगा परमाणु हथियार : ट्रंप

वाशिंगटन. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान विश्व नेताओं को संबोधित किया. डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण की शुरुआत अमेरिका आए वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए की. उन्होंने अमेरिका की कथित तौर पर फिर से मजबूत हुई स्थिति की प्रशंसा की. ट्रंप ने कहा, 'अमेरिका वापस आ गया है और हमारा देश आज पहले से कहीं अधिक मजबूत है. उनके भाषण में संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय और ईरान में अमेरिका द्वारा कथित युद्ध अपराध किए जाने के दावों पर निशाना साधे जाने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि हमने ईरान को समझौते का मौका दिया था. हमने ये युद्ध लगभग खत्म कर दिया. ईरान को बचने का मौका नहीं मिलेगा. ईरान का हमला अब भी जारी है. अमेरिका कभी भी ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देगा.

भारत की झोली में गोल्ड

नवभारत न्यूज

नागोया, 22 सितंबर. एशियन गेम्स 2026 के महिला क्रिकेट फाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 147 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया. इसके साथ ही इन खेलों में भारत का स्वर्ण पदकों का खाता भी खुल गया. श्रीलंका को रजत और पाकिस्तान को कांस्य पदक मिला. भारत ने 20 ओवर में 216 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पूरी टीम 69 रन पर सिमट गई.

शूटर ने 10 मीटर एयर राइफल में दो सिल्वर मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया !

मास्टर प्लान के ड्रॉफ्ट को सुप्रीम कोर्ट की हरी झण्डी

- लागू होने तक प्रक्रिया की जानकारी सप्रीम कोर्ट में देना होगी

दावे आपत्ति की प्रक्रिया जल्द होंगी शुरू

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की प्रति आने के बाद आदेश का पालन करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी.
भुवन गुप्ता, उपायुक्त नगर निगम कालोनी सेल प्रभारी

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 22 सितंबर. राजधानी में अब मास्टर प्लान की अटकलें समाप्त हो गई हैं. इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हरी झंडी दे दी है. अब जल्द ही सरकार मास्टर प्लान लागू करने की प्रक्रिया शुरु करेगी. सरकार के पास 2020 में 2031 के लिए तैयार किया मास्टर प्लान था. जो लागू नहीं हो सका था.

अब उसी मास्टर प्लान लागू करने के लिए सरकार ने अपनी बात सुप्रीम कोर्ट में रखी. सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि भोपाल में वर्ष 1995 के बाद नया मास्टर प्लान लागू नहीं हुआ. पिछला मास्टर प्लान वर्ष 2005 में समाप्त हो चुका है. नए मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार है और उसे लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी है. इसके बाद कोर्ट ने सरकार को मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी करने की अनुमति दी. मालूम हो कि राजधानी में सीलिंग की कार्रवाई के दौरान व्यापारी संगठनों ने मास्टर प्लान लागू करने के लिए धरना प्रदर्शन किए थे. लेकिन, मास्टर प्लान 2031 के लिए पहले से बना हुआ है उसे लागू करना है या फिर 2047 के लिए नया मास्टर प्लान तैयार किया जाए, इसी पसोपेश में प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी.

आवासीय में व्यावसायिक गतिविधियां नहीं चलेंगी

आवासीय कॉलोनियों में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर मंगलवार को हुई सुनवाई में सुप्रीमकोर्ट का सख्त रवैया रहा. सुप्रीम कोर्ट ने सख्त आदेश देते हुए सरकार को कहा कि आवासीय कॉलोनियों में व्यावसायिक गतिविधियां नहीं होना चाहिए. यह जानकारी याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाटी ने दी. त्रिपाठी ने बताया कि सीलिंग की कार्रवाई विगत दिनों से पूरी तरह से बंद है. जिसकी जानकारी रहवासियों ने कोर्ट को दी. इस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सीलिंग की कार्रवाई जारी रहना चाहिए. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों का लैंड यूज स्पष्ट नहीं है या जहां मिक्स्ड लैंड यूज है, वहां की स्थिति को अलग तरीके से देखा जाए, लेकिन स्पष्ट रूप से आवासीय क्षेत्रों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रुकनी चाहिए.

बाबूजी ने मजबूत किया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ

स्व. रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग नामपट्टिका के अनावरण समारोह में बोले उपमुख्यमंत्री शुक्ल

नवभारत न्यूज

भोपाल, 22 सितंबर. एमपी नगर जोन वन प्रेस कॉम्प्लेक्स मार्ग मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व नवभारत के संस्थापक स्व. रामगोपाल माहेश्वरी (बाबूजी) को समर्पित किया गया. नवभारत परिसर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने मार्ग की नामपट्टिका का अनावरण किया.

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक व पूर्व महापौर विभा पटेल विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय रामगोपाल माहेश्वरी जी का जीवन देशसेवा, स्वतंत्रता संग्राम और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए समर्पित रहा. लोकतंत्र में कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के साथ पत्रकारिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है. बाबूजी ने पत्रकारिता के इस चौथे स्तंभ को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया. समारोह में नवभारत परिवार के स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी की पत्नी बृज माहेश्वरी, प्रबंध संपादक सुमित माहेश्वरी, सुरुचि की संपादक पूजा माहेश्वरी व नवभारत डिजिटल मीडिया के प्रबंध संपादक यशोवर्धन माहेश्वरी उपस्थित रहे.

नई पीढ़ी को प्रेरणा देगा नामकरण : सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि स्व. रामगोपाल माहेश्वरी ने महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर वर्ष 1934 में नवभारत की नींव रखी थी. उन्होंने कहा कि जिस तरह एक छोटे बीज से विशाल वृक्ष तैयार होता है, उसी तरह नवभारत आज देश के प्रमुख समाचार संस्थानों में अपनी पहचान बनाए हुए है. उन्होंने कहा कि रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग का नामकरण नई पीढ़ी को राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकार और पत्रकारिता के मूल्यों की प्रेरणा देगा.

बाबूजी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार थे

पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने कहा कि रामगोपाल माहेश्वरी जी ने कठिन दौर में भी निर्भीक और स्वतंत्र पत्रकारिता की परंपरा को आगे बढ़ाया. उन्होंने अपनी कलम के माध्यम से समाज की आवाज को मजबूती दी. उन्होंने कहा कि बाबूजी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार और आंदोलन के प्रतीक थे. पूर्व महापौर विभा पटेल ने कहा कि यह नामपट्टिका बाबूजी के त्याग, विचारों और सामाजिक योगदान की स्मृति को हमेशा जीवित रखेगी. उन्होंने जो विचारों का बीज बोया था, वह आज विशाल वटवृक्ष बनकर समाज की सेवा कर रहा है.

बिना डेटा वाले रिचार्ज पर टीआरएआई सख्त

28 नहीं 30 दिन की वैलिडिटी देनी होगी

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 22 सितंबर. टीआरएआई ने नया नियम लागू किया है. जिसके बाद जिओ, एयरटेल, वीआई और दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटरों को सिर्फ कॉल और एसएमएस वाले ज्यादा विकल्प देने होंगे. इन प्लान की कीमत डेटा वाले प्लान से कम रखनी होगी. यानी उन लोगों को डेटा के लिए पैसे देने की जरूरत नहीं होगी, जिन्हें इसकी जरूरत ही नहीं है.

मोबाइल रिचार्ज पिछले कुछ साल में काफी बदल गया है. ज्यादातर कंपनियों के लोकप्रिय प्लान में कॉलिंग, एसएमएस और डेटा तीनों एक साथ मिलते हैं. अब टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी

ऑफ इंडिया ने नया नियम जारी किया है. जिसका का सबसे बड़ा असर यही होगा कि अगर कोई टेलीकॉम कंपनी किसी खास अवधि का ऐसा प्लान बेचती है जिसमें वॉइस, एसएमएस और डाटा तीनों हैं, तो उसे उसी तरह की अवधि के लिए वॉयस और एसएमएस-ओन्ली प्लान भी देना होगा. यानी अगर किसी कंपनी के पास 28 दिन का कॉलिंग + एसएमएस + डेटा वाला प्लान है, तो उसे उसी तरह की अवधि में बिना डेटा वाला ऑप्शन भी देना होगा. अगर कंपनी 30 दिन या दूसरी वैलिडिटी वाले डेटा-बंडल प्लान बेचती है, तो उन अवधि के लिए भी वॉइस -एसएमएस -ओन्ली विकल्प देने होंगे.

मोबाइल रिचार्ज सस्ता हो जाएगा

कुछ ग्राहकों के लिए इसे रिचार्ज सस्ता हो जाएगा. यह समझना जरूरी है कि टीआरएआई ने सभी मोबाइल रिचार्ज की कीमत कम करने का आदेश नहीं दिया है. जिन लोगों को डेटा चाहिए और जो पहले से डेटा वाला प्लान इस्तेमाल कर रहे हैं, उनके लिए इस नियम से सीधे तौर पर रिचार्ज सस्ता होने की गारंटी नहीं है.

खुदकुशी के बाद आईआईटी बॉम्बे से हटाए सीलिंग फैन

प्रोफेसर की प्रताड़ना के चलते छात्र ने कमरे में लगाई थी फांसी

नवभारत न्यूज

मुंबई, 22 सितंबर. आईआईटी बॉम्बे में दूसरे साल के बी.टेक स्टूडेंट साहिल वाकोडे की आत्महत्या के बाद कैंपस में हंगामा जारी है. इस बीच कैंपस में एक बड़ा बदलाव किया जा रहा है.

छात्र की मौत के बाद सीलिंग फैन को हटाकर वॉल-माउंटेड फैन (दीवार पर लगने वाले पंखे) लगाने का काम शुरू किया गया है.

सीलिंग फैन की जगह कैंपस में लग रहे वॉल-माउंटेड फैन

महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के रहने वाले और एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के छात्र साहिल का शव शुक्रवार शाम पवई कैंपस स्थित उनके हॉस्टल के कमरे में लटका हुआ मिला था. वहीं अब प्रशासन छत वाले पंखों को हटाकर दीवार पर लगने वाले पंखे लगा रहा है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, छात्रों की आत्महत्या की हालिया घटनाओं के बाद आईआईटी बॉम्बे हॉस्टल से सीलिंग फैन हटाने की तैयारी कर रहा है. कैंपस के सभी हॉस्टल और अन्य जरूरी जगहों पर वॉल-माउंटेड फैन लगाए जाएंगे.

सियासत | पार्टी आलाकमान और संगठन पदाधिकारी राहुल-प्रियंका की दोहरी नेतृत्व संरचना बनाने पर कर रहे विचार

2029 की तैयारी के तहत कांग्रेस संगठन को धारदार बनाने की कवायद

प्रवेश कुमार मिश्र

नई दिल्ली,22 सितंबर.कांग्रेस पार्टी ने आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव की बड़ी चुनौतियों को साधने के लिए एक सुनियोजित, सुव्यवस्थित और दीर्घकालिक चुनावी रणनीति तैयार करते हुए संगठनात्मक संरचना को धारदार बनाने की तैयारी आरंभ कर दी है.

पार्टी का यह कदम आखिरी समय में चुनावी तैयारियां करने की पुरानी कमजोरी को दूर कर, तीन साल पहले से ही संगठन को युद्धस्तर पर सक्रिय करने का स्पष्ट संकेत है.पिछले दिनों राहुल गांधी व प्रियंका गांधी की

मौजूदगी में पार्टी के वर्तमान 64 सचिवों के साथ अलग अलग मैराथन समीक्षा बैठक के दौरान पार्टी के मध्यम स्तर के संगठन के कामकाज और पिछले प्रदर्शन का कड़ा मूल्यांकन किया गया. ऐसे में चर्चा है कि लगभग 35 सचिवों को खराब रिपोर्ट कार्ड के आधार पर पदमुक्त कर दिया जाएगा. 2029 के आम चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के चुनावी तंत्र से सीधे मुकाबला करने के लिए कांग्रेस अपने मध्य स्तरीय संगठन यानी सचिवों को पूरी तरह धारदार बनाने में जुट गई है. इस नई रणनीतिक योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए ही पिछले एक माह में पार्टी रणनीतिकारों द्वारा लगभग 130 नए संभावित नेताओं का कड़ा साक्षात्कार लिया गया है. जिसमें तीन पीढ़ियों से जुड़े कांग्रेसी परिवारों, विषय विशेषज्ञों और युवाओं के साथ-साथ सामाजिक न्याय को साधने के लिए एससी, एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के चेहरों को विशेष प्राथमिकता दी गई है. सूत्रों की मानें तो साक्षात्कार के दौरान नेताओं के सामने 2029 के बड़े चुनावी मोर्चे के अनुकूल कड़े मापदंड रखे गए हैं. नियुक्त होने वाले नए चेहरों के सामने यह विशेष शर्त है कि उन्हें हर महीने कम से कम 15 से 20 दिन अपने प्रभार वाले राज्यों में अनिवार्य प्रवास करना होगा ताकि वे सीधे जनता के बीच रहकर बूथ कमेटियों को मजबूत कर सकें.

35 सचिवों पर गिरेगी गाज

इसके अलावा प्रवक्ताओं की तरह मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर विपक्षी दलों को तथ्यों और तर्कों के साथ मुंहतोड़ जवाब देने की क्षमता, वैचारिक स्पष्टता, सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का अनुभव और विपरीत परिस्थितियों में तार्किक फैसले लेने की दक्षता को बारीकी से परखा गया है. चयन प्रक्रिया में जिन्हें सक्षम पाया गया है उन्हें आगामी बदलावों में केवल ए और बी ग्रेड पाने वाले मौजूदा सचिवों के साथ नए युवा चेहरों के साथ समायोजित किया जाएगा, जिससे युवाओं के जोश और पुराने नेताओं के अनुभव के संतुलित तालमेल से 2029 की बड़ी राजनीतिक चुनौती का सामना किया जा सके.